UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-188 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 20 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## यूपी में विकास योजनाओं का मिला लाभ

### सीएम योगी ने लाभार्थियों को सौंपे चेक


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विकास योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र, चेक, चाबी, नियुक्ति पत्र और अन्य प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका ग्रामीण मिशन के तहत मनोज सविता और रानी को 4.95 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया गया। वहीं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत राजू निर्मल और परशुराम को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत रेखा और मैकी को उनके नए आवास की चाबी सौंपी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ



पहुंचाना है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों और जरूरतमंद परिवारों को सशक्त बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी के हाथों इन्हें मिला योजनाओं का लाभ

पार्वती- मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 5 लाख

सोनू- मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 5 लाख

नेहा गुप्ता- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का स्वीकृति पत्र

रमाकांति- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का स्वीकृति पत्र

जगन्नाथ- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र

मनोज सविता- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र

रेनू गौड़- स्मार्टफोन- बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार योजना

कर्मावती- स्मार्टफोन- बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार योजना

शशिप्रभा- नियुक्ति पत्र, आंगनबाड़ी सहायिका

मोनी- नियुक्ति पत्र, आंगनबाड़ी सहायिका

कालीचरण- पंचायत कल्याण कोष के तहत स्वीकृति पत्र

अमन कुमार- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान- 5 लाख का चेक

अभिषेक कुमार- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान- 2.50 लाख का चेक

रेखा- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चाबी

मैकी- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चाबी

मनोज सविता- रानी- उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका ग्रामीण मिशन के तहत 4.95 करोड़ का चेक

राजू निर्मल- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रमाण पत्र

परशुराम - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रमाण पत्र

अंकिता- दिव्यांगजन पेंशन का स्वीकृति पत्र

लीला- आयुष्मान कार्ड

भारती- आयुष्मान कार्ड

## मंत्री के भतीजे के साथ ऐसा क्या हुआ जो अचानक एक्शन में आए डीआईजी

### यूपी के 4 जिलों के दुकानदारों के लिए नया 'फरमान' जारी

( यंग भारत न्यूज )



**बरेली।** प्रदेश के बरेली में एक बड़ा हादसा होने के बाद पुलिस महकमा पूरी तरह एक्शन में आ गया है. कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के 15 वर्षीय भतीजे आदित्य वीर सिंह गंगवार चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए थे. श्यामगंज फ्लाईओवर पर स्कूटी चलाने के दौरान जानलेवा मांझा गले में फंस गया, जिससे गला गंभीर रूप से कट गया. फिलहाल आदित्य का एक निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाज चल रहा है. इस गंभीर घटना के बाद, बरेली रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी ने इंसानों और बेजुबान जानवरों की जान के लिए खतरा बने इस प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है.डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बरेली रेंज के तहत आने वाले चार जिलों बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहानपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिबंधित चाइनीज और सिंथेटिक मांझे की बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल के खिलाफ एक साथ मिलकर बड़ा अभियान चलाएं. जो भी दुकानदार छिपकर इस प्रतिबंधित मांझे को बेचते हुए पकड़ा जाएगा, उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही, उनका व्यापार लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी की जाएगी. अब पुलिस केवल बाजारों पर ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी कड़ी नजर रखेगी. साइबर सेल को जिम्मेदारी दी गई है कि वे इंटरनेट पर ऐसे मांझे को बेचने या खरीदने वालों को ट्रैक करें और उन पर कानूनी कार्रवाई करें. डीआईजी ने निर्देश दिया है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री और इस्तेमाल के मामलों में 'पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम' के तहत अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज की जाए. पहले से दर्ज मामलों की ठीक से निगरानी की जाएगी ताकि दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके. पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि वे आम लोगों, वाहन चालकों और पशु-पक्षियों की सुरक्षा के लिए इस मांझे के खतरों को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाएं. डीआईजी अजय कुमार साहनी ने जनता से अपील की है कि वे पतंगबाजी के लिए केवल सुरक्षित सूती धागे यानी सद्दी का ही इस्तेमाल करें और चाइनीज मांझे का पूरी तरह बहिष्कार करें. उन्होंने नागरिकों से यह भी कहा कि अगर उन्हें कहीं भी इस प्रतिबंधित मांझे की बिक्री या भंडारण की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें.

## सुर्खियां.............

### 12वां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का संकल्प वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य शांति और सद्भाव बढ़ाना है- डॉ पूजा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मुरली मनोहर आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पूजा राजपूत ने बताया कि 12वां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026, दिन रविवार को मनाया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन का संकल्प वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य शांति और सद्भाव बढ़ाना देना है। इस वर्ष के योग दिवस की आधिकारिक थीम 'स्वस्थ्य: वृद्धावस्था के लिये योग' पर आधारित है।

### जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन कर जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर पूर्व में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी।

### कार की टक्कर से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोंच चौराहे से घर की ओर आ रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी शबना ने पुलिस को बताया कि बीती 13 जून को उसके पति नियामत किसी काम के चलते कोंच चौराहे की ओर गए थे। रात में वह कोंच चौराहे से वापस घर लौट रहे थे। तभी कोंच चौराहे से उरई की ओर जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पति को टक्कर मार दी थी। टक्कर मारकर कार सवार वहां से भाग निकला था। हादसे में उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## यूपी के युवाओं की खुली किस्मत! एक साथ 2 बड़ी सरकारी भर्तियों का बंपर ऐलान, देखें पदों की पूरी डिटेल

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के युवाओं के लिए सरकारी नौकरी की तैयारी से जुड़ी एक बहुत ही बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। यूपी में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में जुटे लाखों अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का एक शानदार अवसर आया है।



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने राज्य में दो बड़ी और महत्वपूर्ण भर्तियों की प्रक्रिया को आधिकारिक तौर पर शुरू कर दिया है। इन दोनों ही बड़ी भर्तियों के माध्यम से राज्य के हजारों योग्य अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में शामिल होने और अपना भविष्य संवारने का बेहतरीन मौका मिलेगा। आपको बता दें कि आयोग की तरफ से जारी की गई इन भर्तियों में पहली बड़ी भर्ती संयुक्त लोअर सबऑर्डिनेट सर्विसेज) मुख्य परीक्षा 2026 की है। वहीं, युवाओं को आकर्षित करने वाली दूसरी बड़ी भर्ती ब्लॉक ऑर्गेनाइजर और प्लाटून कमांडर के पदों के लिए निकाली गई है। आयोग ने साफ किया है कि इन दोनों ही भर्तियों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। यूपीएसएसएससी की ओर से निकाली गई लोअर सबऑर्डिनेट सर्विसेज मुख्य परीक्षा 2026 के तहत राज्य सरकार के अलग-अलग महत्वपूर्ण विभागों में कई रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाने वाली हैं। इस भर्ती के तहत पहले जितने पदों का ऐलान किया गया था, अब उसमें बड़ा संशोधन करते हुए पदों की संख्या को काफी बढ़ा दिया गया है। पहले जहाँ इस भर्ती में कुल 2285 पद तय किए गए थे, वहीं अब इसे संशोधित करके कुल 2587 पद कर दिया गया है। इस भर्ती अभियान के जरिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में क्लर्क, अकाउंट इंस्पेक्टर और एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (ईओ) समेत कई अन्य प्रशासनिक पदों पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। लोअर पीसीएस भर्ती के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को तारीखों का विशेष ध्यान रखना होगा। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 29 मई 2026 से शुरू हो चुकी है। योग्य उम्मीदवार अपनी पूरी डिटेल के साथ 25 जून 2026 तक ऑनलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही, यदि किसी उम्मीदवार के फॉर्म में कोई गलती हो जाती है, तो उसे सुधारने या संशोधन करने की आखिरी तारीख 2 जुलाई 2026 तय की गई है। आयोग की तरफ से जारी किया गया दूसरा बड़ा नोटिफिकेशन होमगार्ड मुख्यालय, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाले पदों के लिए है। इस भर्ती के माध्यम से विभाग में ब्लॉक ऑर्गेनाइजर और प्लाटून कमांडर के महत्वपूर्ण पदों को भरा जाएगा। इस विशेष भर्ती अभियान के तहत विभाग में कुल 295 रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां की जानी तय हुई हैं। इन सुरक्षा और प्रशासनिक महत्व वाले पदों पर आवेदन करने के लिए भी उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (ग्रेजुएशन) पास होना अनिवार्य है। इसके साथ ही, इस भर्ती में केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि शारीरिक दक्षता भी मायने रखेगी। इन पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम चयन मुख्य लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों और उसके बाद होने वाले कड़े शारीरिक परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) के आधार पर किया जाएगा। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आगामी 16 जून 2026 से शुरू होने जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए 6 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन मोड में अपना आवेदन दर्ज करा सकते हैं। वहीं, आवेदन के बाद फीस या फॉर्म में किसी भी प्रकार के आवश्यक सुधार के लिए आखिरी तारीख 13 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उत्तर प्रदेश में एक के बाद एक लगातार बड़ी सरकारी भर्तियों के आने से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे युवाओं को एक बड़ी मानसिक राहत मिली है। सबसे खास बात यह है कि इन दोनों ही बड़ी भर्तियों में न्यूनतम योग्यता स्नातक यानी ग्रेजुएशन पास रखी गई है, जिसकी वजह से राज्य के एक बहुत बड़े हिस्से के अभ्यर्थी इन पदों के लिए पूरी तरह पात्र बन जाते हैं। यही कारण है कि इन दोनों भर्तियों में भारी संख्या में आवेदन आने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में जो भी इच्छुक उम्मीदवार इन प्रतिष्ठित पदों के लिए फॉर्म भरना चाहते हैं, उन्हें यह सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने की जल्दबाजी न करें। सबसे पहले वे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरे ऑफिशियल नोटिफिकेशन को डाउनलोड करें और उसमें दी गई पात्रता, परीक्षा के बदलते पैटर्न और अन्य जरूरी नियमों को बहुत ही ध्यान से पढ़ लें, ताकि भविष्य में उनका फॉर्म रिजेक्ट न हो।

## ईरान-अमेरिका पीस डील के बावजूद इजराइल का लेबनान पर हमला

### 18 की मौत, इजराइली मंत्री बोले- पूरे लेबनान को जला देना चाहिए

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच गुरुवार रात पीस पर दस्तखत हुए। इसके एक दिन बाद इजराइल ने लेबनान पर हमला किया जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। पीस डील की शर्तों के मुताबिक इजराइल को लेबनान पर हमले रोकने थे लेकिन पीएम नेतन्याहू ने इससे इनकार कर दिया था। उसने गुरुवार रात से अब तक दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 80 से ज्यादा ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं, जिनमें हिजबुल्लाह के दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं।




दूसरी ओर हिजबुल्लाह के हमले में दक्षिणी लेबनान में 4 इजराइली सैनिकों की मौत हो गई है। इससे नाराज होकर इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा लेबनान जलना चाहिए। आज अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में बातचीत होनी थी जो रद्द हो गई है। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के मुताबिक, इसकी वजह इजराइल के लेबनान पर लगातार हमला हो सकता है। उठठ ने भी एक डिप्लोमैट के हवाले से बताया कि ईरान ने कहा है कि अमेरिका पहले लेबनान पर हमले रुकने की गारंटी दे, तभी आगे की बातचीत होगी। अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े टड्मव पर साइन किए। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक वार्ता शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में होगी। दक्षिणी लेबनान में अपनी तैनाती का नया नक्शा जारी किया है और साफ किया है कि फिलहाल वहां से सैनिक नहीं हटाए जाएंगे। पीस डील पर साइन होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही तेज हो गई है। सऊदी अरब के झंडे वाले तीन बड़े तेल टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजर चुके हैं। पीस डील लागू होने के बाद भी इजराइल ने साउथ लेबनान में हमला किया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। 2 मार्च से अब तक इन हमलों में 3,900 लोग मारे जा चुके हैं।

## वाराणसी: राहुल गांधी के 'परशुराम' अवतार पर बवाल, कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेसियों को बताया 'मूर्ख'

( यंग भारत न्यूज )



**वाराणसी:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर उनकी फोटो पर दुग्धाभिषेक किए जाने को लेकर सियासत तेज हो गई है. बीजेपी ने इस कृत्य पर तीखा तंज कसा है. उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ने इसे मूर्खतापूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह कृत्य बेहद बचकाना है, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें. दरअसल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राहुल गांधी को भगवान परशुराम का रूप बताते हुए मां गंगा में उनका दुग्धाभिषेक किया और केक काटकर जन्मदिन मनाया है.

जानकारी के मुताबिक, राहुल गांधी शुक्रवार, 19 जून को अपना 56वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस अवसर पर वाराणसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मां गंगा में खड़े होकर राहुल गांधी के पोस्टर पर दुग्धाभिषेक किया और उनका जन्मदिन मनाया. इस पोस्टर में राहुल गांधी को भगवान परशुराम के रूप में दिखाया गया है, जिनके एक हाथ में फरसा और दूसरे में संविधान की पुस्तक नजर आ रही है. कांग्रेस जहां इस फरसे के जरिए लोकतंत्र का हनन करने वालों को खत्म करने की बात कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष इसे बचकानी हरकत बता रही है. इस मामले पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मूर्ख बताया है. उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगवान परशुराम की तुलना राहुल गांधी से की है, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें और उन्हें सही रास्ते पर लेकर के चलें. उनके इस तरीके के बचकानी हरकत पर जवाब देने के लिए भाजपा के स्थानीय स्तर के पार्षद कार्यकर्ता ही काफी है. बता दें कि वाराणसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 11 किलो लड्डू का केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया है।

# सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं - जिलाधिकारी

**- टोल प्लाजा पर 24 घंटे गूंजेंगे सड़क सुरक्षा संदेश, रॉन्ग साइड, ओवरस्पीडिंग और अवैध पार्किंग पर चलेगा विशेष अभियान**

**- बिना पार्किंग प्रतिष्ठानों की जाँच कर अतिक्रमण और अवैध कट हटाकर शहर को बनाया जाएगा सुरक्षित एवं जाममुक्त**

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, सुरक्षित यातायात व्यवस्था एवं आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कानपुर-झांसी फोरलेन पर स्थित एट एवं आटा टोल प्लाजा पर पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से चौबीसों घंटे सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएं। विशेष रूप से रात्रिकालीन समय में थके हुए वाहन चालकों को विश्राम करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि नींद और थकान के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरूकता और सतर्कता दोनों आवश्यक हैं।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि एट एवं आटा टोल प्लाजा पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर वाहन चालकों एवं परिचालकों की मधुमेह, रक्तचाप, नेत्र परीक्षण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच कराई जाए। साथ ही वाहन चालकों की दक्षता का भी परीक्षण किया जाए, जिससे लंबी दूरी तय करने वाले चालकों की स्वास्थ्य स्थिति का समय-समय पर आकलन हो सके। जिलाधिकारी ने फोरलेन मार्ग पर ले-बाई के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर खड़े होने वाले वाहनों को तत्काल हटाने तथा ऐसे वाहन स्वामियों के विरुद्ध लाइसेंस एवं परमिट निरस्तीकरण सहित कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अनियमित पार्किंग दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है और इसके प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी।उन्होंने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर रॉन्ग साइड वाहन संचालन, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। शहर को जाममुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए जिलाधिकारी ने जिला परिषद चौराहे से अंबेडकर चौराहे तक अतिक्रमण हटाने एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप सुभाष तिराहे पर स्थापित प्रतिमा को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित कर सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति देने तथा तिराहे पर लगने वाले जाम से स्थायी समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने बिना पार्किंग प्रतिष्ठानों की जाँच कर अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए जिनके पास पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग से यातायात बाधित होता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है। ऐसे प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर आवश्यकतानुसार सीलिंग करने की कार्रवाई भी की जाय । जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने, दुकानों के बाहर अतिक्रमण हटाने तथा सड़कों पर अनावश्यक पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन, व्यापारियों और नागरिकों को सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। जिलाधिकारी ने इंदिरा स्टेडियम के सामने पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, मेडिकल कॉलेज से गोविंदम तक तथा कोच बस स्टैंड से रिनिया फाटक तक स्ट्रीट लाइट स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही लक्ष्मीबाई तिराहे पर हाईमास्ट लाइट की क्षमता बढ़ाने एवं पूरे नगर क्षेत्र में जर्जर विद्युत पोलों को बदलकर नए पोल लगाने के निर्देश दिए, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। उन्होंने शहर एवं कालपी क्षेत्र में सड़क की दृश्यता प्रभावित करने वाले होर्डिंग्स एवं अवैध विज्ञापन बोर्डों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इस कार्य हेतु सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर एवं नगर पालिका को संयुक्त अभियान संचालित करने को कहा गया।दुर्घटना के बाद त्वरित उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज एवं स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध एम्बुलेंस, एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) वाहनों तथा अन्य जीवनरक्षक उपकरणों का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोल्डन ऑवर में बेहतर उपचार से अनेक बहुमूल्य जीवन बचाए जा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और परिवार की सुरक्षा से जुड़ा दायित्व है। जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा जनपद को सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात संस्कृति प्रदान करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, एआरटीओ प्रशाशन सौम्या पाण्डेय, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता सीडी-1 सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता सीडी-3 महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता विधुत महेन्द्र नाथ आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान, 9,260 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जालौन में आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह अभियान 28 जून से प्रारंभ होगा, जिसके तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए जीवनरक्षक दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी।

अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, एएनएम, आशा बहुओं एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जालौन क्षेत्र में कुल 9,260 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के प्रथम दिन 31 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद अगले दिन से 21 टीमें लगातार पांच दिनों तक घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए। इस अभियान में 160 कर्मचारी, 2 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, 7 सुपरवाइजर तथा 4 ट्रांजिट टीमें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

# पुलिस अधीक्षक ने किए व्यापक फेरबदल, 22 अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** जनपद जालौन में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 22 अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। जारी सूची में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी तथा आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है।

स्थानांतरण के तहत अपराध शाखा में तैनात प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह को प्रभारी डीसीआरबी बनाया गया है, जबकि प्रभारी डीसीआरबी शिवकुमार सिंह का गैरजनपद स्थानांतरण किया गया है। पुलिस लाइन में तैनात प्रभारी निरीक्षक वीकेश बाबू को कोतवाली उरई में अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में भेजा गया है। उपनिरीक्षक स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। दिलीप कुमार मिश्रा को चौकी प्रभारी महमूदपुरा, शिववीर सिंह को थाना कदौरा, संजय कुमार एवं कुलवन्त कुमार को थाना आटा, राममोहन को कोतवाली उरई, शिवमंगल सिंह को चौकी प्रभारी न्यामतपुर तथा वरुण कुमार को थाना चुर्खी भेजा गया है। वहीं चेतराम को थाना नदीगांव में नई तैनाती दी गई है। मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी संवर्ग में भी कई कर्मियों के दायित्व बदले गए हैं। राहुल सिंह को थाना डकोर, संजीव शर्मा को न्यायिक सम्मन सेल, राजप्रताप सिंह को थाना कदौरा, रिजवान आलम को कोतवाली उरई तथा अरविन्द कुमार को थाना चुर्खी भेजा गया है। इसके अलावा कई आरक्षियों की संबद्धता समाप्त करते हुए उन्हें नई तैनाती प्रदान की गई है। पुलिस विभाग के इस प्रशासनिक फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली में दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानांतरित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सफल रहे पोलियो अभियान

**-एसडीईएम ने स्वास्थ विभाग सहित अन्य अधिकारीयो के साथ की बैठक**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में एक बैठक स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित की गई।

आगामी 28 जून से प्रारंभ हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए शुक्रवार को उपजीलाधिकारी हेमन्त कुमार पटेल ने अपने कार्यालय में बैठक की। बैठक में मौजूद सीएचसी के चिकित्साधीक्षक अनिल कुमार शाक्य ने पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के बारे में बताया कि जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जानी है। अभियान के पहले दिन नगर में बूथ लगाए जाएंगे और फिर अगले दिन से कर्मचारी घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलायेंगे। उन्होंने बताया कि कोंच नगर में 31 बूथ बनाये गए हैं जिन पर 72 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नदीगांव एवं ग्रामीण क्षेत्र में 134 बूथ लगाए जाएंगे, 65 टीमों में 195 कर्मचारी घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाने का काम करेंगे। पिंडारी और उससे सटे ग्रामीण इलाकों में 130 बूथ लगाए जा रहे हैं और 64 टीमों में 192 कर्मचारी पोलियो अभियान को सफल बनाएंगे।

### सफाई नायको को नही दिखती वार्डो में फैली गंदगी

पालिकाध्यक्ष नगर की साफ-सफाई पर हमेशा चिंता करते है लेकिन उनके अधीनस्थ कर्मचायियो को नगर में फैली गंदगी दिखती ही नही है।वह तो सुबह से वाइक पर सवार होकर नगर का भ्रमण कर सिर्फ खाना पूर्ती करते है।बता दे नगर के मुख्य मार्ग जेडीसी बैंक के पास तकरीबन एक माह से अधिक समय से सीवर चैम्बर उफना रहा है।गंदा सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है।आलम यह है कि बैंक आने जाने बाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पडता है। लेकिन इस ओर न तो सफाई नायक ने गौर किया और न किसी सफाई कर्मचारी ने कि वो सड़क पर वह रहे मल की सूचना पालिका में दे जिससे इस समस्या का समाधान हो सके।

# सीएमओ ने सीएससी का किया औचक निरीक्षण

**-कहा बाहर की दवा लिखी तो चिकित्सक पर होगी कठोर कार्रवाई**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिनंदन प्रसाद ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों को लेकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।उन्होंने साफ साफ शब्दो में कहा कि अगर मरीजों को बाहर की दवा लिखी तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।सीएमओ ने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया और निर्धारित समय पर चिकित्सकों व कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक और चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने की शिकायत किसी भी स्थिति में नहीं मिलनी चाहिए। यदि किसी चिकित्सक द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने का मामला सामने आया तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सीएमओ ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।

उन्होंने एक्स-रे कक्ष, बीपी कक्ष, प्रसव कक्ष, नेत्र कक्ष और ऑपरेशन कक्ष सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा जहां कमियां मिलीं, उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने दवा वितरण केंद्र पर पहुंचकर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं के बारे में जानकारी ली और वितरित दवाओं की भी जांच की। अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

# 12वां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का संकल्प वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य शांति और सद्भाव बढ़ाना है- डॉ पूजा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मुरली मनोहर आयुर्वेदिक चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पूजा राजपूत ने बताया कि 12वां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026, दिन रविवार को मनाया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन का संकल्प वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य शांति और सद्भाव बढ़ाना देना है। इस वर्ष के योग दिवस की आधिकारिक थीम 'स्वस्थ्य: वृद्धावस्था के लिये योग' पर आधारित है। योग शिविर का आयोजन बाराही देवी मेला प्रांगण में 21 जून 2026 को सुबह छह बजे से प्रारंभ होकर सुबह सात बजे तक होगा। उन्होंने नगरवासियों व ग्रामीणों से अपील की है कि 12वें योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाएं।

# जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** जिलाबदर की शर्तों का उल्लंघन कर जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर पूर्व में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी श्यामू पुत्र बसोरे को 30 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत छह माह के लिए जनपद जालौन की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया था। आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि तक उसके जनपद में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था।

गुरुवार की रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जिलाबदर किया गया आरोपी औरेखी पुल के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

# कार की टक्कर से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोंच चौराहे से घर की ओर आ रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी शबना ने पुलिस को बताया कि बीती 13 जून को उसके पति नियामत किसी काम के चलते कोंच चौराहे की ओर गए थे। रात में वह कोंच चौराहे से वापस घर लौट रहे थे। तभी कोंच चौराहे से उरई की ओर जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पति को टक्कर मार दी थी। टक्कर मारकर कार सवार वहां से भाग निकला था। हादसे में उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल पहले सीएचसी से मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया। वहां से उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी में इलाज के दौरान अगले दिन उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नायब तहसीलदार अंकित कुमार की बड़ी कार्रवाई, अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सीज

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़/जालौन।** जनपद जालौन के माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नायब तहसीलदार अंकित कुमार के नेतृत्व में गोहन थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा गया। जांच के दौरान आवश्यक अभिलेख और खनन संबंधी दस्तावेज संतोषजनक न मिलने पर दोनों वाहनों को सीज कर गोहन थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा करा दिया गया।

प्रशासन को लगातार क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां परिवहन करते हुए पाई गईं। कार्रवाई के दौरान वाहनों से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई। प्रथम दृष्टया अनियमितताएं पाए जाने के बाद दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। यदि जांच में अवैध खनन अथवा निर्धारित नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना लगाने के साथ-साथ अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है। उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विनय कुमार मौर्य ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध खनन पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी कार्रवाई का स्वागत करते हुए क्षेत्र में ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखने की मांग की है।

# उरई रोड स्थित एक होटल से बाइक चोरी,पीड़ित ने की पुलिस से शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

कोच नगर के लाजपत नगर निवासी एक युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है।18 जून 2026 की रात की बताई जा रही है। पीड़ित साकेत बिहारी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार साकेत बिहारी अपने भाई हिमांशु अग्रवाल के नाम पंजीकृत टीवीएस रेडियॉन मोटरसाइकिल नंबर यूपी-92 एजे-5929 से गुरुवार रात लगभग 8 बजे उरई रोड स्थित एक होटल में भोजन करने गए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल होटल के सामने स्थित गली में खड़ी कर दी और अंदर चले गए। करीब दो घंटे बाद जब वह रात 10 बजे भोजन कर बाहर निकले तो मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली।मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात चोर ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। साकेत बिहारी ने कोतवाली पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगाने तथा मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह का कहना हैं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पत्नी व साली की पिटाई के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बहनोई द्वारा बहिन की पिटाई करने एवं बीच बचाव करने पर छोटी बहिन के साथ भी गाली, गलौज किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां निवासी शिवानी ने पुलिस को बताया कि वह गांव में बड़े बहनोई के पास रहती है।

# प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति और मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखें - संजय सिंह गंगवार

## खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेले में किसानों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** नवीन तहसील भवन परिसर, उरई में आयोजित जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं किसान मेला–2026 तथा प्राकृतिक खेती कार्यशाला में प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)/जनपद के मा0 प्रभारी मंत्री श्री संजय सिंह गंगवार ने वर्चुअल माध्यम से किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने तथा प्राकृतिक खेती को अपनाकर भूमि की उर्वरा शक्ति एवं मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने का आह्वान किया।



सदस्य गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश राजेश सिंह सेंगर, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित बड़ी संख्या में किसान ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, विद्युत, भूमि संरक्षण, कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। सदस्य गो सेवा आयोग राजेश सिंह सेंगर ने अपने संबोधन में किसानों से गोपालन एवं गो–आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल उत्पादन लागत में कमी आती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचता है। उन्होंने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया। विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन ने किसानों से चरणबद्ध तरीके से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने उपस्थित किसानों का स्वागत करते हुए खरीफ अभियान–2026 की रणनीति, विभागीय योजनाओं तथा फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से समयबद्ध पंजीकरण कराने तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खरीफ फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम, उन्नत बीजों के उपयोग, फसल प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम आधारित कृषि प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती की उपयोगिता के संबंध में भी जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अखिलेश तिवारी, जिला कृषि अधिकारी गगनदीप, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रतिनिधि, सिंचाई, विद्युत, नलकूप एवं लघु सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जनआंदोलन बनाने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

## 21 जून को पुलिस लाइन में होगा मुख्य जनपदीय योग कार्यक्रम, ग्राम पंचायतों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक होंगे योग आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन, उरई में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'Yoga for Healthy Ageing (स्वस्थ आयु के लिए योग)' थीम पर मनाया जा रहा है। योग स्वस्थ, प्रसन्न एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन का आधार है तथा यह शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग को जन–जन तक पहुंचाने और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, अमृत सरोवर तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।




कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे योग का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे।जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में दिए गए संदेश का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इसकी जानकारी समय से पहुंचाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस को केवल एक कार्यक्रम न मानकर जनआंदोलन के रूप में आयोजित किया जाए, जिससे अधिकाधिक लोग योग से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयोजित सभी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का समयबद्ध पंजीकरण एवं रिपोर्टिंग योग संगम पोर्टल पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही कार्यक्रमों की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं प्रचार–प्रसार की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि योग दिवस की गतिविधियों का व्यापक प्रसार हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी विभाग समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करते हुए जनपद में योग दिवस को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# किसान मेला मे प्राकृतिक खेती करने वाले लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी सहित 25 किसानों को सम्मानित किया गया

( यंग भारत न्यूज )



**उर ई।** तहसील उरई में बीती देरशाम प्राकृतिक खेती के लिए 25 किसानों को सम्मानित किया गया जिसमें प्राकृतिक खेती और चंदन की खेती करने के लिए लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी सालाबाद प्राकृतिक खेती एवं एक साथ पांच तरह की खेती साथ करने के लिए शिव शंकर चतुर्वेदी कोकरगांव, बृजेश त्रिपाठी बैरागढ़, वीरेंद्र पांडे इटोरा, राम सिंह पटेल, अरुण सिंह गुर्जर हरदोई गुर्जर सहित किसान सम्मानित किए गए द्य माननीय जिलाधिकारी श्री राजेश पांडे जी द्वारा किए गए कार्यक्रम में ए डी एम नमामि गंगे ,सिटी मजिस्ट्रेट, भाजपा की जिलाध्यक्ष urbija दीक्षित, गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ,मुख्य विकास अधिकारी कुमारेंद्र कलाकार सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डी पी आर ओ सहित कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी एवं विकास भवन के अधिकारी किसान संघ की प्रांतीय अध्यक्ष साहब सिंह चौहान साहित्य जिले से आए लगभग 1000 किसान उपस्थित रहे कार्यक्रम को उपनिदेशक कृषि के मार्गदर्शन मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं,

## गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में दूर–दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पेयजल, नगर निकाय, समाज कल्याण, आपूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण हेतु मौके पर जाकर जांच कर वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता को त्वरित न्याय एवं पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से भूमि विवाद, पैमाइश, अवैध कब्जा तथा राजस्व संबंधी मामलों में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मौके पर संयुक्त टीम के साथ जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा शिकायतकर्ता को निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा समय–समय पर की जाएगी और असंतोषजनक निस्तारण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करना प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है। जनहित से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।

# डिजिटल संचार के क्षेत्र में सूचना विभाग की प्रभावी पहल

**-विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल ''सूचना प्रवाह'' का हुआ शुभारंभ**

**- सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी सहजता पहुंचेगी आमजन तक**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ आज लोक भवन, लखनऊ में किया गया।

चैनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

'सूचना प्रवाह' उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में 'सूचना प्रवाह' यूट्यूब चैनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी। अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। 'सूचना प्रवाह' के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन की उपलब्धियों को अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह यूट्यूब चैनल प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रसार का एक प्रभावी मंच बनेगा तथा आमजन और शासन के बीच संवाद को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जिले मे 5650 हेक्टर में प्राकृतिक खेती शुरू-डीएम राजेश कुमार पांडेय

अनिल शर्मा+ संजय श्रीवास्तव

( यंग भारत न्यूज )

- **50 --50 हे0 कल 114 क्लस्टर का गठन**
- **मलाहनपुरा की सोमवती बनी प्राकृतिक खेती की रोल मॉडल**

**उर ई।** जिलेमे 5650 हेक्टर भूमि में प्राकृतिक खेती की शुरुआत हो चुकी हैद्य यह बात जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने कही वह आज कुछ पत्रकारों से विशेष भेंट वार्ता कर रहे थे द्य उन्होंने कहा कि जिले में प्राकृतिक खेती के लिए 50–50 हेक्टर के 114 कलेसटर बनाए गए हैं द्य जिसमें महिला किसानों की भागीदारी ज्यादा हैद्य जिले मे प्राकृतिक खेती करने के लिए10,601 किसानों को चिन्हित किया गया हैद्य जिन्हें कृषि विज्ञान केंद्र के मॉडल प्रक्षेत्र एवं वैज्ञानिकों के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया जा रहा है द्य एक सवाल के जवाब में जिलाधिकारी ने बताया की प्राकृतिक खेती खेती करने का वह तरीका है जिसमें जीवांश के उपयोग से पोषक तत्व प्रबंधन के साथ–साथ सिंचाई प्रबंधन, कीट रोग एवं खरपतवार का नियंत्रण करते हुए उत्पादन प्राप्त किया जाता हैद्य उन्होंने कहा किँ प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देसी गौ वंश है द्य अर्थात गोवंश के गोबर एवं गोमूत्र से कई प्रकार के मिश्रण तैयार किए जाते हैं द्यजिनके द्वारा फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के साथ–साथ कीट एवं रोग की रोकथाम की जाती है द्य इसे ऑन फॉर्म प्रिपरेशन और प्रैक्टिस भी कहते हैं द्य प्राकृतिक खेती की व्यवस्था में सिंथेटिक रसायनों का प्रयोग नहीं किया जाता द्य एक सवाल के जवाब में श्री पांडे ने कहा कि प्राकृतिक खेती की कई चुनौतियां हैं, उदाहरण के लिए रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती में बदलने के पहले कुछ वर्षों तक उत्पादन में गिरावट आ सकती हैद्य क्योंकि मिट्टी को अपनी प्राकृतिक उर्वरता वापस लाने में समय लगता है द्य एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान और जागरूकता की कमी है जीवामृत वीजा अमृत और मल्चिंग जैसी प्राकृतिक तरीकों को सटीक रूप से बने व खेती और प्रयोग करने के लिए किसानों के पास उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का अभाव हैद्य एक सवाल के जवाब में जिलाधिकारी श्री पांडे ने बताया कि जिले में प्राकृतिक खेती की चुनौतियों को दूर करने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं जनपद के 2,52,000 किसानों को ग्राम पंचायत स्तर, विकासखंड स्तर तथा जिला स्तरपर प्रशिक्षित किया गया है साथी जनपद के में प्रति खेती के लिए 50–50 सेक्टर के कुल 114 कलेक्टर का गठन किया गया है और उनके माध्यम से प्रताप की खेती कराई जा रही है कृषि विज्ञान केंद्र के मॉडल पर क्षेत्र एवं वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है जनपद में 10601 किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु चिन्हित किया गया है द्य इन किसानों द्वारा 5650 हेक्टर में प्राकृतिक खेती की शुरुआत कराई गई हैद्य जिलाधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक खेती के लिए ये मुख्य अवयव चाहिए द्य मुख्य रूप से गाय के गोबर आधारित इनपुटस जैसे जीवा मृत, बीजा मृत,घन जीवा मृत, दस परणी, आज स्वयं तैयार कर प्राकृतिक खेती की जा रही हैद्य उन्होंने बताया कि जीवामृत सै मिट्टी में सूक्ष्म जीवो और केंचुए की बढतकी जाती है द्य इसी तरह वीजामृत के माध्यम सैँ फंगस और मिट्टी में होने वाली बीमारियों से नई जड़ों की रक्षा होती है द्यइसी तरह घन जीवा मृतसे मिट्टी में लंबे समय तक मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता बनाए रखी जाती हैद्य इसी तरह दस परणी से फसलो मे कीट और रोग सेरक्षा की जाती हैद्य एक सवाल के जवाब में जिलाधिकारी ने बताया की प्राकृतिक खेती से बहुत लाभ है जैसे मृदा के स्वास्थ्य में सुधार होता है स्वास्थ्य में सुधार होता है जीवांशु और कार्बन को बढ़ाया जाता है द्य इसके रसायन मुक्त खैती होती है इस खेती के माध्यम किसानों का आर्थिक स्तर सुधरता है कृषि निवेशकों के माध्यम से किसानों को आपको निर्भर बनाना है कम लागत में अधिक आय प्राप्त करना है प्राकृतिक खेती में किसी प्रकार के रसायनों को खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती है किसान केवल अपने द्वारा बनाई गई खाद का प्रयोग करता हैइस प्रकार की खेती में कब लागत आती है प्राकृतिक खेती जीरो बजट की खेती है

## सोमवती बाली सोमवती बनी जिले में प्राकृतिक खेती की रोल मॉडल

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया की प्राकृतिक खेती में महिलाएं बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही हैं इसीलिए ग्राम मल्हनपुरा की महिला किसान सोमवती को जिले की प्राकृतिक खेती का रोल मॉडल बनाया गया है

# मंडी परिसर के नालों की सफाई कराने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई गल्ला व्यापार सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने मंडी परिसर में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। व्यापारियों ने मंडी परिसर में बने नालों एवं राठ रोड स्थित बड़े नालों की शीघ्र सफाई कराने की मांग उठाई।

समिति के व्यापारी नेता प्रदीप माहेश्वरी के नेतृत्व में रविन्द्र कुमार इंटौरिया, अनूप लखोटिया, श्रवण कुमार गुप्ता, सौरभ गुप्ता सहित अन्य व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मंडी परिसर में जल निकासी के लिए बने नालों में लंबे समय से गंदगी एवं सिल्ट जमा होने के कारण बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे व्यापारियों एवं किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने मांग की कि मंडी परिसर के नालों के साथ–साथ राठ रोड पर बने बड़े नालों की भी तत्काल सफाई कराई जाए, ताकि वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके और व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित होती रहें। सिटी मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों को उनकी मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

# भाजपा की नीतियों से जनता परेशान, बदलाव के लिए तैयार रहें सपाजन : नरेश उत्तम पटेल

## विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से बूथ और मतदाता सूची पर काम करने का दिया मंत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय इकलासपुरा रोड पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश और देश की जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से पूरी ताकत के साथ संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रिय होने का आह्वान किया।

नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को उठाकर जनता की आवाज बन रही है। उन्होंने कहा कि सपा के बढ़ते जनाधार से भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव कभी भी घोषित हो सकते हैं, इसलिए अभी से मतदाता सूची का गहन परीक्षण करें। जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं, उन्हें जुड़वाने तथा जिनके नाम या विवरण में त्रुटि है, उसे सही करवाने का अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही चुनावी जीत की सबसे बड़ी कुंजी है। बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी मानसिंह यादव ने भी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों और जनता के समर्थन के बल पर आगामी चुनाव में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने की। इस अवसर पर जिला महासचिव जमालुद्दीन पप्पू, लाखन सिंह कुशवाहा, महेश शिरोमणि दोहरे, भानू राजपूत, बृजमोहन उर्फ बब्लू (पूर्व प्रधान नरछा), अमित अहिरवार, पंकज दीक्षित जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोरा करनपुर में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत तीन घायल

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर के पास वैगनआर और बाइक के बीच आमने-सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार एक किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसी बाइक पर ही सवार तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया जहां से तीनों की गंभीर हालत देखकर उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।बताया गया मृतक किशोर के चाचा की शुक्रवार को बारात जानी थी जिससे घर परिवार में कोहराम मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर निवासी अंगद परिहार की शादी का मंडप वृहस्पतिवार को था और घर में प्रीतिभोज की तैयारी चल रही थी। शाम करीब 5 बजे अंगद का भतीजा दीपेश उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम गोरा अपने मौसेरे भाई शिवम उम्र 18 निवासी ग्राम नीचे का पुरा तथा परिवार के राजाबाबू उम्र 18 वर्ष और प्रिंस उम्र 17 वर्ष निवासी ग्राम गोरा के साथ एक ही बाइक प्लेटिना पर सवार होकर ग्राम तीतरा से कुछ सामान लेकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक ग्राम गोरा से पास पहुंची तभी तीतरा की ओर जा रही वैगनआर कार और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई और उक्त चारों सड़क पर आ गिरे। बाइक चला रहे दीपेश का हेलमेट न होने से सिर फट गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उक्त तीनों किशोर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को उरई के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से वैगनआर कार अपने कब्जे में ले ली है और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद सीएचसी पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। पुलिस ने मृतक दीपेश के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# लाखों की लागत से बना अग्नि शमन केन्द्र बना सफेदपोश हाथी

## -229 ग्राम पंचायतों में महज एक पानी टैंकर गाड़ी
## -स्टाफ की भी भारी कमीं

( यंग भारत न्यूज )





**माधौगढ़ ( जालौन )** आए दिन आग लगने के दंश से किसानों की फसलों समेत घर राख हो जाते हैं ऐसे में आग बुझाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी आग बुझाने के लिए तहसील माधौगढ़ के नगर पंचायत माधौगढ़ में अग्नि शमन केन्द्र की स्थापना क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन के अथक प्रयास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष कृपा से अग्नि शमन केन्द्र की स्थापना लाखों रुपए की लागत से आलीशान बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है पर यहां पर व्यवस्था के नाम पर बिल्डिंग महज सफेदपोश हाथी की तरह खड़ी रह गई है अग्नि शमन केन्द्र में महज एक टैंकर है जिसकी जल धारिता पच्चीस सौ लीटर के करीब है जिससे कि तहसील क्षेत्र के 229 ग्राम पंचायतों को आग से बचाव किया जा रहा है जबकि तहसील क्षेत्र के गांवों की दूरी आकलित की जाए तो पचास किलोमीटर के पार होगी महज एक टैंकर से पूरे से तहसील क्षेत्र की आग ही नहीं बुझाई जा रही है बल्कि आवश्यकता पड़े तो अन्य तहसीलों की भी यही टैंकर आग बुझाने में अगुवाई करता है अग्नि शमन केन्द्र में स्टाफ की भी भारी संख्या में कमी है हवलदार बृजकिशोर जोकि लीडर फायरमैन है चालक के रूप में कुंजबिहारी की तैनाती है तो वहीं पांच कांस्टेबल फायर मेन रविन्द्र सिंह जगवीर सिंह प्रदीप सिंह विक्रम सिंह गोविंद सिंह पांच लोग हैं तो आउटसोर्सिंग से फालवर संदीप कुमार स्वीपर राजा बाल्मीकि है जरा से स्टाफ के सहारे तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की आग बुझाने का नाटक जारी रहता है

**फायर ब्रिगेड में टैंकर बढ़ाने की मांग**

माधौगढ़ अग्नि शमन केन्द्र माधौगढ़ की इमारत तो विशालकाय है लेकिन एक टैंकर के सहारे यहां के सैकड़ों गांवों आग लगने पर बुझाई जाती है तहसील के वाशिंदों की मांग है कि माधौगढ़ तहसील बड़े क्षेत्रफल की तहसील है यहां पर कम-से-कम एक दर्जन फायर ब्रिगेड में टैंकर बड़ें टैंक में हों जिसकी धारिता कम-से-कम पांच हजार लीटर पानी तब भी हो

**स्टाफ की कमीं की हो पूर्ति**

लोगों की मांग है कि तहसील माधौगढ़ जनपद जालौन की बड़ी तहसील है जहां पर आग जैसी घटनाओं की आवाजें अक्सर आती जाती रहती है ऐसे फायर ब्रिगेड अग्नि शमन केन्द्र में अभी स्टाफ न के बराबर है स्टाफ एक दर्जन टैंकरों के अनुपात में तैनात ह

# रिंग सेरेमनी से लौट रहे व्यक्ति की बाइक पेड से टकराई, गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में बीती देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामचन्द्र पटेल उम्र 55 वर्ष पुत्र रघुवर दयाल निवासी ग्राम संधि, थाना आटा, जनपद जालौन, अपने भांजे की रिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए उरई रोड स्थित आशीर्वाद होटल आए थे। देर रात करीब 10 बजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह ग्राम भदारी के पास पहुंचे, उनकी बाइक सड़क किनारे पड़े एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय उनके कुछ परिजन भी पीछे से आ रहे थे। उन्होंने रामचन्द्र को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया।सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निगरानी में रखा है। डॉ. गौर की देखरेख में घायल का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे पड़े पेड़ और अन्य अवरोधों को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुए प्रशासन से ऐसे खतरनाक अवरोधों को जल्द हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# तहसील से थाने तक अतिक्रमण का बोलबाला, घंटों लगा रहता जाम, प्रशासन मौन

( यंग भारत न्यूज )



माधौगढ़ (जालौन)। नगर के मुख्य मार्ग पर तहसील कार्यालय से लेकर थाना परिसर तक इन दिनों अतिक्रमण और अवैध कब्जे का साम्राज्य फैला हुआ है। सड़क के दोनों किनारों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध विस्तार, बेतरतीब खड़े वाहनों और फुटपाथ पर सजे बाजारों की वजह से यह व्यस्त मार्ग पूरी तरह सिकुड़ चुका है। इसका खामियाजा स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

तहसील और थाना क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग पर रोजाना हजारों लोगों और वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन सड़क किनारे हुए भारी अतिक्रमण की वजह से यहां आए दिन घंटों लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। जाम में एम्बुलेंस, स्कूली बसें और आवश्यक सेवाओं के वाहन भी फंस जाते हैं। चिलचिलाती धूप और गर्मी में घंटों फंसे रहने के कारण राहगीरों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलने वालों के लिए तो पटरी पर जगह ही नहीं बची है।

स्थानीय जनता का आरोप है कि इस गंभीर समस्या के बावजूद स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर किसकी शह पर अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं? सरकारी दफ्तरों और पुलिस थाने की नाक के नीचे खुलेआम हो रहे इस अवैध कब्जे पर कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**बड़ी दुर्घटना का अंदेशा**

सड़क के संकरी होने से यहां कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना या सड़क दुर्घटना हो सकती है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और बेतरतीब पार्किंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि जनता को इस रोज-रोज के नरक से मुक्ति मिल सके।

# मोहर्रम पर साफ-सफाई व्यवस्था टनाटन रहे-पालिकाध्यक्ष

## सफाई नायकों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पालिका कार्यालय में सफाई नायको एवं वाहन चालको के साथ बैठक कर उनके पेंच कसे उन्होंने पालिका कर्मियों को अपने काम मुस्तैदी से करने की सलाह दी। आने वाले प्रमुख इस्लामिक पर्व मोहर्रम पर नगर में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ ही आवारा जानवरों के विचरण पर रोक लगाए जाने को लेकर उन्होंने सफाई नायकों और वाहन चालकों समेत अन्य कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

पालिकाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर के मुख्य मार्गों व सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। पोलों पर लगी लाइटें जो खराब स्थिति में हैं और जल नहीं रही है वो सभी लाइटें तत्काल बदली जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आम रास्तों में समय से झाड़ू लगाकर नालियों की साफ सफाई की जाए और कूड़ा यहां वहां जमा रखने के बजाए निर्धारित स्थान पर ले जाकर डंप करें। पालिकाध्यक्ष ने कहा, साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले पालिकाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 18 प्रताप नगर का भ्रमण कर उक्त व्यवस्थाएं परखीं। वार्ड वासियों ने साफ सफाई व्यवस्था लचर होने की शिकायत की जिसको लेकर उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया।बैठक में सभासद विनोद सोनी,आजादउद्दीन,रवि कुशवाह,गौरव तिवारी,रघुवीर कुशवाह सहित समस्त पालिका कर्मचारी,सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे।

# सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन के जन्मदिन पर 21 लोगों ने किया रक्तदान, मरीजों को बांटे फल, लगाए 11 पौधे

**- रक्तदान शिविर, फल वितरण और वृक्षारोपण के जरिए दिया सेवा का संदेश**

**- प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह ने रक्तदाताओं का किया सम्मान**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। मेडिकल कॉलेज में तैनात सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को रक्तदान, मरीजों को फल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 21 रक्तवीरों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। साथ ही मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए और परिसर में 11 छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

रक्तदान करने वालों में डॉ प्रशांत निरंजन, डॉ चरक सांगवान, डॉ जीतम सिंह राजपूत, डॉ संतोष लोधी, अरविंद्र मिश्रा, रवि कुमार रोहित कुशवाहा सहित कुल 21 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज के वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल भी जाना गया और उन्हें फल वितरित कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। इसके बाद परिसर में आंवला, आम, जामुन और बेल सहित 11 पौधों का रोपण किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान जरूरतमंदों के लिए जीवनदान है और वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इस सामाजिक सेवा अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुआ।

# पालिकाध्यक्ष ने वार्ड भ्रमण कर वार्ड वासियो की समस्याओ को सुना

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने वार्ड संख्या 9 का भ्रमण कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके साथ वार्ड के सभासद एवं पालिका कर्मी भी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने क्षेत्र की गलियों, नालियों और अन्य सार्वजनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

वार्डवासियों ने पालिकाध्यक्ष के समक्ष बरसात के मौसम को देखते हुए नालों और नालियों की विशेष साफ-सफाई कराने की मांग रखी। लोगों का कहना था कि समय रहते सफाई न होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कई स्थानों पर खुली नालियों पर सुरक्षा की दृष्टि से जालियां लगाए जाने की मांग भी नागरिकों द्वारा की गई।पालिकाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले नालों और नालियों की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा ताकि जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। साथ ही जहां आवश्यकता होगी वहां नालियों पर जालियां लगाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नगर को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए नगर पालिका लगातार प्रयासरत है। उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नगर को साफ-सुथरा रखना केवल पालिका की ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है।इस अवसर पर सभासद रघुवीर कुशवाहा, अशोक गुर्जर, सुनील तथा सफाई नायक सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे। वार्ड भ्रमण के दौरान पालिका अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

# नायब भुवनेन्द्र ने संभाला तहसीलदार का चार्ज

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसीलदार गौरव कुमार प्रथम का माधौगढ़ तहसील से उरई के लिए स्थानांतरण होने पर उनकी जगह तहसील में नायब तहसीलदार पद की सेवा दे रहे भुवनेन्द्र कुमार ने तहसीलदार पद पर चार्ज ग्रहण कर लिया है हालांकि पूर्व तहसीलदार के स्थानांतरण पर नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार के पास करीब तेरह माह तहसीलदार पद का चार्ज रहा है वहीं नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार माधौगढ़ तहसील में करीब तीन बर्ष से अधिक सेवा देते हुए चले आ रहे हैं हमारे आज तहसील प्रतिनिधि एडवोकेट अखिलेश सविता से एक मुलाकात के दौरान बताया कि शासन की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया कराया जाएगा वहीं राजस्व विभाग से संबंधित कोई भी किसी भी मामले में किसी भी तरह की लापरवाही या कोताही नहीं होगी एक सवाल के जबाव में उन्होंने बताया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में नहीं होने दिए जाएंगे

# क्षतिग्रस्त लाइनो को तत्काल दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति सुचारु करें: चीफ इंजीनियर

## विधुत विभाग के चीफ इंजीनियर ने ट्यूबवेल लाइनों व फीडरों का निरीक्षण किया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** झांसी से आए विधुत विभाग के चीफ इंजीनियर केपी खान ने जिले के विभागीय आला अधिकारियों के साथ यहां नगर में आकर नलकूप लाइन का परीक्षण करने के साथ ही अलग अलग फीडरों का मुआयना किया और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।चीफ इंजीनियर ने कोंच क्षेत्र की नलकूप लाइन का परीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि आंधी में क्षतिग्रस्त हुई लाइन जल्द से जल्द दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी कराएं। किसानों के लिए इस समय खेतों में सिंचाई की आवश्यकता है इसलिए जरा भी लापरवाही न बरतें। बिजली का जो भी सामान की आवश्यकता हो उसकी कार्यवाही पूरी करें। उन्होंने नदीगांव इलाके के सदूपुरा, लगामपुरा, जालौन सहित कुछ अन्य फीडरों का भी निरीक्षण कर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था जांची। इस मौके पर एसई योगेंद्र सिंह, एक्सईन जितेंद्र नाथ, एसडीओ धर्मेंद्र कुमार सिंह, जेई निशांत शर्मा, टीजीटू सूरज प्रसाद सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# 80 वर्षीय महिला का सफल टोटल हिप रिप्लेसमेंट, मेडिकल कॉलेज में जटिल सर्जरी

**- प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के निर्देशन में अस्थि रोग विभाग की टीम ने किया ऑपरेशन**

**- पांच दिन पहले गिरने से कूल्हे की हड्डी में हुआ था फ्रैक्चर**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के निर्देशन में अस्थि रोग विभाग की टीम ने 80 वर्षीय महिला का सफल सीमेंटेड टोटल हिप रिप्लेसमेंट (टीएचआर) किया। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है।

हरकौती गांव निवासी सुशीला (80) पत्नी रामकुमार पांच दिन पहले घर में गिर गई थीं। हादसे में उनके बाएं कूल्हे की हड्डी (नेक ऑफ फीमर) में फ्रैक्चर हो गया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जांच के बाद चिकित्सकों ने टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी करने का निर्णय लिया। अस्थि रोग विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ के नेतृत्व में ऑपरेशन किया गया। सर्जरी में डॉ. प्रांशु और डॉ. अनीकेत (जूनियर रेजिडेंट) ने सहयोग किया। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. सुनीत और उनकी टीम ने निभाई, जबकि नर्सिंग स्टाफ से नर्स भारती ने सहयोग किया। चिकित्सकों ने बताया कि बुजुर्ग मरीजों में इस प्रकार की सर्जरी से जल्द चलने-फिरने में सहायता मिलती है और लंबे समय तक बिस्तर पर रहने से होने वाली जटिलताओं का खतरा कम हो जाता है। सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने सफल सर्जरी पर पूरी चिकित्सकीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# 10 साल से हिंदू विधवा महिला को 5 बच्चों का बाप अशफाक दे रहा था धोखा, नमाज पढ़वाई और मांस भी खिलाया

( यंग भारत न्यूज )

यूपी के मुजफ्फरनगर में एक हिंदू विधवा महिला को 5 बच्चों के पिता द्वारा झूठे प्रेमजाल में फंसाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराकर नमाज पढ़ाने और मांस खिलाने का सनसनीखेज मामला सामना है। जानकारी के अनुसार, नोएडा निवासी एक महिला ने गुरुवार को हिंदू संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आलाधिकारियों को एक शिकायत पत्र देते हुए ये आरोप लगाया कि भोपा थाना क्षेत्र के मोरना गांव निवासी पांच बच्चों के पिता अशफाक की मुलाकात उससे 10 साल पूर्व 2016 में एक राजनैतिक कार्यक्रम में हुई थी। जहां अशफाक ने अपना नाम राजू उर्फ राजीव बालियान उसे बताया था।



महिला का आरोप है कि वह विधवा है और उसे अपने बच्चों के लालन पोषण के लिए एक सहारे की जरूरत थी। इस पर अशफाक ने महिला को अपने झूठे प्रेम जाल में फंसा कर उसका जबरन धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि नमाज पढ़कर उसे मांस भी खिलाया। महिला का आरोप ये भी है कि इस दौरान आरोपी ने नोएडा स्थित उसका फ्लैट भी बिकवा दिया है जिसके चलते वह सड़क पर आ गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में तुरंत आरोपी अशफाक उर्फ राजू उर्फ राजीव बालियान सहित उसकी दो बेटी दो बेटों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला पूर्व में भाजपा नेत्री रह चुकी है। आरोपी अशफाक भी एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर जहां पीड़ित महिला राजबाला का आरोप है कि अशफाक ने राजीव बालियान बनकर मेरी लाइफ में आया। उसने धोखे से मुझे कुछ खिला के पहले तो प्यार के झांसे में फंसाया और निकाहा कर लिया। मेरे हसबैंड एक्सपायर हो चुके थे। वह शादीशुदा निकाला। उसके पांच बच्चे हैं और वह मुस्लिम निकला। पीड़िता का कहना है कि बहुत सारी बहने हैं, हिंदुओं की जो अभी भी उसके प्रेमजाल में फंसी हुई हैं। उनकी कमाई खा रहा है। उनके पैसो से अपना घर चला रहा है। जैसे मुझे लूट लिया। मेरा फ्लैट तक बिकवा दिया। सारा पैसा ले आया। मुझे सड़क पर ला कर खड़ा कर दिया। ऐसी बहुत सारी महिला हैं। जिनका वह फायदा उठा रहा है।

# यूपी मुरादाबाद में पत्नी ने अवैध संबंध में उठाया ऐसा कदम; कंगाल हो गया पति! सवा साल की बच्ची को भी नहीं छोड़ा

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के मुरादाबाद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. मझोला थाना क्षेत्र में हाईडिल कॉलोनी में रहने वाली एक युवती अपनी 14 महीने की मासूम बेटी को पड़ोसियों के भरोसे छोड़, घर में रखे कैश, जेवरात और बच्ची की गुल्लक के पैसे लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई. पीड़ित पति अपनी गोद में बच्ची को लेकर न्याय के लिए एसएसपी दफ्तर के चक्कर काट रहा है.



पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस टीम को एक्टिव कर तलाश शुरू कर दी है. पीड़ित पति आकाश कश्यप ने बताया कि वह लाइनपार स्थित चरण सिंह चौक के पास एक किराये के मकान में रहता है. बीते 15 जून को उसकी पत्नी दीपा ने घर से निकलते वक्त पड़ोसियों से झूठ बोला कि वह अपना आधार कार्ड ठीक कराने जा रही है. वह अपनी 1 साल 2 महीने की मासूम बेटी दृष्टि को नीचे रहने वाले पड़ोसियों के पास यह कहकर छोड़ गई कि वह कुछ ही देर में वापस आ जाएगी, लेकिन उसके बाद वह कभी लौटकर नहीं आई. आकाश का आरोप है कि उसकी पत्नी दीपा घर में रखे सभी कीमती जेवरात और नगदी ले जा चुकी है. दीपा अलमारी में रखे चार जोड़ी चांदी के पाजेब, उसके स्वर्गीय पिता की सोने की अंगूठी और माता के एक जोड़ी कुंडल चोरी कर ले गई. यही नहीं वह अपनी मासूम बेटी की वह गुल्लक भी तोड़कर ले गई, जिसमें पूरे परिवार ने तिनका-तिनका जोड़कर करीब 40 से 45 हजार रुपये जमा किए थे, ताकि बच्ची के भविष्य में काम आ सकें. पत्नी के अचानक लापता होने के बाद उसने हर संभावित जगह, दोस्तों और रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला. बाद में जब उसने अपने स्तर पर छानबीन की, तो पता चला कि दीपा का देवेंद्र सैनी नामक एक व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह उसी के साथ फरार हुई है. आकाश का आरोप है कि दीपा के घर से निकलने से ठीक 15 मिनट पहले एक अज्ञात महिला भी उनसे मिलने आई थी, जिसके जाते ही दीपा भी पूरी प्लानिंग के साथ घर से निकल गई. फिलहाल थाना प्रभारी मझोला को इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही और त्वरित जांच के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं.

# मां के प्रेम प्रसंग में मासूम की बलि, सऊदी से लौटे बेबस पिता ने दी इकलौते बेटे को मुखाग्नि, सदमे में बिगड़ी हालत, हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** प्रदेश के मेरठ जनपद अंतर्गत बहसूमा थानाक्षेत्र से कलयुगी प्रेम प्रसंग की एक ऐसी रूह कँपा देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक बैंक कर्मी प्रेमी ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका के साथ रहने और शादी की राह का रोड़ा हटाने के लिए उसके 7 साल के इकलौते मासूम बेटे अंगदवीर का बेरहमी से अपहरण कर कत्ल कर दिया।



गुरुवार को सऊदी अरब से रोते-बिलखते घर लौटे बेबस पिता गुरसेवक ने अपने हाथों से मासूम बेटे की चिता को अग्नि दी, जिसके बाद सदमे के कारण उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना पड़ा। गुरसेवक विदेश (सऊदी अरब/दुबई) में ड्राइवर की नौकरी करते हैं। उनका एक घर पंजाब के पटियाला में भी है, जहां उनका 7 वर्षीय बेटा अंगदवीर अपनी दादी बलजिंदर कौर के पास रहकर पढ़ाई करता था। अंगदवीर अभी 5 दिन पहले ही अपनी मां गुरप्रीत से मिलने गांव आया था। गुरप्रीत बिजनौर के नजीबाबाद स्थित अपने मायके में रहने के दौरान पड़ोस में रहने वाले अर्पित शर्मा पाराशर के संपर्क में आई थी। अर्पित शर्मा हापुड़ में एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है। पति के विदेश में रहने के कारण दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। दोनों शादी करना चाहते थे और गुरप्रीत ने पति गुरसेवक से तलाक भी मांगा था, लेकिन गुरसेवक ने इससे इनकार कर दिया था। इसी खुन्नस में अर्पित ने मासूम बच्चे को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रची। 16 जून की सुबह करीब 11 बजे जब मासूम अंगदवीर घर के बाहर खेल रहा था, तभी अर्पित अपनी कार से वहां पहुंचा और उसे बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। इसके बाद वह उसे मेरठ के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र स्थित भद्रकाली (काली मंदिर) के घने जंगलों में ले गया, जहां उसने बेरहमी से बच्चे का गला रेत दिया और हाथ की कलाई काट दी।

साक्ष्य मिटाने के लिए लाश को वहीं झाड़ियों में फेंककर वह वापस लौट गया और अपनी पत्नी गौरी के साथ मिलकर गडीना में एक जागरण कार्यक्रम में शामिल होने चला गया ताकि किसी को शक न हो। बच्चे के लापता होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मेरठ और बिजनौर पुलिस की संयुक्त टीमों ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तो अर्पित की कार में बच्चा बैठा दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी अर्पित को जागरण से ही गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद बुधवार को पुलिस ने उसकी निशानदेही पर जंगल से मासूम का शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को शव परिजनों को सौंपा गया। घर में कोहराम मचा हुआ है और बुजुर्ग दादी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# मिशन 2027: भाजपा में टिकट के लिए घमासान तेज, मौजूदा विधायकों का पत्ता होगा साफ; रेस में कौन-कौन?

( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबाद** जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर वर्ष 2017 में और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की, विपक्ष का सूपड़ा साफ रहा है।



उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव वर्ष 2027 में होने हैं। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी में टिकट की रेस शुरू हो गई है। मौजूदा विधायकों का टिकट काटने के लिए पूर्व विधायक से लेकर महानगर अध्यक्ष तक बतौर दावेदार रेस में शामिल हैं। दावेदार न केवल पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से संपर्क कर रहें है, बल्कि अपनी सक्रियता भी संबंधित विधानसभा क्षेत्र में बढ़ा रहे हैं। चुनाव नजदीक आने पर भाजपा में दावेदारों की संख्या और बढ़ेगी। गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में अतुल गर्ग ने चुनाव जीता और विधायक निर्वाचित हुए। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जनरल वीके सिंह की जगह अतुल गर्ग को गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया। अतुल गर्ग चुनाव जीतकर सांसद बने तो उपचुनाव में भाजपा ने इस सीट पर तत्कालीन भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को प्रत्याशी बनाया और उन्होंने जीत हासिल की। इसके बाद महानगर अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी भाजपा संगठन ने मयंक गोयल को सौंपी है। अब मयंक गोयल शहर विधानसभा सीट से टिकट के लिए प्रमुख रूप से अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। साहिबाबाद विधानसभा सीट पर सुनील शर्मा ने वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की, उनको प्रदेश सरकार ने मंत्रीमंडल में भी जगह दी है। अब इस सीट पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता अजय शर्मा प्रमुख रूप से दावेदारी ठोक रहे हैं, उन्होंने क्षेत्र में अपनी सक्रियता भी बढ़ाई है। मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में अजितपाल त्यागी वर्तमान में विधायक हैं, उनके सामने अब इस सीट पर पूर्व में इसी सीट पर प्रत्याशी रह चुके ब्रजपाल तेवतिया के अलावा भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संदीप त्यागी ने टिकट के लिए दावेदारी ठोकी है। लोनी विधानसभा सीट पर मौजूदा विधायक नंद किशोर गुर्जर के सामने पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल कसाना, भाजपा ओबीसी मोर्चा में प्रदेश में मंत्री योगेंद्र मावी का नाम प्रमुख रूप से टिकट के लिए चर्चा में है। मोदीनगर विधानसभा सीट पर वर्तमान विधायक डा. मंजू शिवाच के सामने पूर्व विधायक सुदेश शर्मा प्रमुख रूप से टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं, वह क्षेत्र में लगातार सक्रिय भी हैं। ये तो वो नाम हैं, जो कि अभी प्रमुख रूप से चर्चा में हैं। पार्टी में टिकट मांगने का अधिकार सभी को है, दावेदार अपना बायोडाटा देते हैं। हम जो बायोडाटा मिलता है, उसे प्रदेश अध्यक्ष के पास भेजते हैं। किस विधानसभा सीट पर किसे प्रत्याशी बनाया जाना है, इसका निर्णय संगठन के शीर्ष नेतृत्व व कोर कमेटी द्वारा किया जाता है। गाजियाबाद से भी दावेदारों के बायोडाटा मिले हैं, उनको प्रदेश अध्यक्ष के पास भेजा है। - सतेंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा पश्चिमी क्षेत्र

# लखनऊ के मंदिरों में बढ़ी सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी में हो रही दान की गिनती

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज, 19 जून को सुबह से ही सूरज के तेवर बेहद तल्ख बने हुए हैं और उमसभरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है. मौसम विभाग ने आज से अगले तीन दिनों के लिए लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में भीषण लू यानी हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है.




आज शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार जाने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री के आसपास रहने से रातों में भी चैन नहीं मिलेगा. तेज धूप और गर्म पछुआ हवाओं के इस डबल टॉर्चर के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है. मौसम विभाग ने लोगों को बहुत जरूरी होने पर ही दोपहर में बाहर निकलने की सलाह दी है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमतों में जबरदस्त हलचल देखी जा रही है. वैश्विक बाजारों में आए उतार-चढ़ाव और शादियों के सीजन में घरेलू मांग बढ़ने की वजह से आज लखनऊ में 24 कैरेट शुद्ध सोने का भाव 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गया है. वहीं आभूषण बनाने में इस्तेमाल होने वाले 22 कैरेट सोने की कीमत भी बढ़कर 67,380 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. लगातार आसमान छूते दामों के कारण गहनों की खरीदारी करने वाले ग्राहकों में थोड़ी मायूसी है, जबकि स्थानीय सर्राफा व्यापारियों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय संकेतों के चलते आने वाले दिनों में कीमतें और बढ़ सकती हैं. लखनऊ रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक बड़े फर्जी टिकट रैकेट का भंडाफोड़ किया है. चेकिंग टीम ने ट्रेन में यात्रा कर रहे तीन ऐसे संदिग्ध यात्रियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है जो दूसरे व्यक्तियों के नाम पर बुक किए गए आरक्षित टिकटों पर सफर कर रहे थे. पकड़े जाने के डर से इन यात्रियों ने जाली पहचान पत्र भी तैयार करवा रखे थे. सुरक्षाबलों ने इनके पास से फर्जी तरीके से नाम बदलकर तैयार किए गए टिकट और जाली पहचान पत्र बरामद किए हैं. आरपीएफ ने इन तीनों यात्रियों को जेल भेजने के साथ ही इस पूरे अवैध धंधे को संचालित करने वाले मुख्य टिकट दलाल के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. लखनऊ में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए शहीद पथ पर करीब 23 किलोमीटर लंबी दूसरी फोरलेन एलिवेटेड रोड बनाने की बड़ी तैयारी शुरू हो गई है. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की संस्तुति के बाद एनएचएआई ने इस पर काम शुरू किया है, जिससे अमौसी एयरपोर्ट से कमता चौराहा तक का सफर पूरी तरह सिग्नल-फ्री हो जाएगा और इकाना स्टेडियम व लुलु मॉल जाने वालों को जाम से मुक्ति मिलेगी. इसके बनने से लखनऊ डबल डेकर एलिवेटेड रोड वाला यूपी का पहला शहर बन जाएगा. इसके साथ ही, गोमती नदी में करीब चार करोड़ रुपये की लागत से 100 सीटर शानदार फ्लोटिंग यानी तैरता हुआ रेस्टोरेंट बनाने के लिए भी बजट जारी कर दिया गया है.

# सीएमओ कार्यालय के संरक्षण में इलाज के नाम पर खुला खेल, खेल रहे है डॉक्टर

## ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञान के अभाव में लूटे जा रहे है मरीज और उनके तीमारदार

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़( जालौन )** जनपद के माधौगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के नाम पर एक बड़ा और खतरनाक खेल चल रहा है। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों और कस्बों में बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और मानकों के कई नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पताल धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। हैरत की बात यह है कि इस गंभीर मामले पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह से मौन साधे हुए है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

**बिना मानकों के चल रहा है इलाज का धंधा**-इन अवैध अस्पतालों में न तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं और न ही आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण। डिग्री विहीन और अप्रशिक्षित स्टाफ (झोलाछाप) के भरोसे मरीजों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। फायर सेफ्टी (अग्निशमन व्यवस्था), बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और प्रदूषण नियंत्रण जैसे अनिवार्य नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इन फर्जी नर्सिंग होमों की वजह से माधौगढ़ क्षेत्र में कभी भी कोई बड़ा और दर्दनाक हादसा हो सकता है। बिना रजिस्ट्रेशन और अधूरी व्यवस्थाओं के चल रहे इन सेंटरों में पहले भी कई बार प्रसूताओं और मरीजों की जान जोखिम में पड़ चुकी है। स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि आखिर किसकी शह पर ये मौत की दुकानें बेखौफ होकर चलाई जा रही हैं ? क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या किसी मासूम की मौत के बाद ही जागेगा ? क्षेत्रीय जनता ने उत्तर प्रदेश सरकार, स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और जिला प्रशासन (डीएम व सीएमओ जालौन) से पुरजोर मांग की है कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लिया जाए। माधौगढ़ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर इन सभी अवैध और बिना रजिस्ट्रेशन वाले नर्सिंग होमों को शीघ्र सील किया जाए और इनके संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता की जिंदगी को सुरक्षित किया जा सके।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला, प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही शुरू हो गया था गबन का खेल? जांच में रोजाना खुल रहा चौंकाने वाला राज

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** राम जन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों से नकदी गायब होने के मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए और सनसनीखेज खुलासे सामने आ रहे हैं. हालांकि अब तक गायब हुई धनराशि का कोई आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन जांच से जुड़े सूत्रों का दावा है कि यह रकम करोड़ों रुपये तक पहुंच सकती है.सूत्रों के अनुसार दानपात्रों से नकदी निकालने का सिलसिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही शुरू हो गया था. लेकिन 22 जनवरी 2024 के बाद श्रद्धालुओं की संख्या और चढ़ावे में तेजी से बढ़ोतरी होने पर कथित गड़बड़ी भी बड़े पैमाने पर होने लगी. जांच में सामने आया है कि शुरुआती दौर में प्रतिदिन दो से चार लाख रुपये तक की नकदी पार की जाती थी, लेकिन बाद में यह रकम कई गुना बढ़ गई.

एसआईटी की पड़ताल में मिल्कीपुर निवासी अनुकल्प मिश्रा का नाम प्रमुखता से सामने आया है. बताया जा रहा है कि एक ट्रस्टी की अनुशंसा पर उसकी नियुक्ति मंदिर से जुड़े कार्यों में हुई थी और बाद में उसे दानराशि की गणना की जिम्मेदारी भी मिल गई. जांच एजेंसियों को संदेह है कि अनुकल्प ने धीरे-धीरे अपने रिश्तेदारों और परिचितों का एक नेटवर्क तैयार किया, जिसके जरिए कथित रूप से दानराशि में हेराफेरी की गई. सूत्रों के मुताबिक करीब आठ महीने पहले अनुकल्प ने अपने बहनोई लवकुश मिश्रा को भी गणना कार्य से जोड़ दिया था. आरोप है कि उसने अपनी शिफ्ट में कार्यरत कई कर्मचारियों को अपने प्रभाव में लेकर पूरे सिस्टम पर पकड़ बना ली थी.कैसे अंजाम दिया जाता था कथित खेल ?दानपात्रों से निकाली गई नकदी को पहले यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) के बाथरूम में छिपाया जाता, फिर. मौके. मिलते ही बाहर लाया जाता था. जांच में सामने आया है कि दानपात्रों से निकाली गई नकदी को पहले यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) के बाथरूम में छिपाया जाता था. इसके बाद मौके की तलाश कर उसे



सुरक्षा जांच से बचाते हुए बाहर निकाला जाता था और कथित रूप से कौशलपुरी स्थित एक ठिकाने तक पहुंचाया जाता था. वहां रकम का बंटवारा होने की बात भी जांच में सामने आई है.एसआईटी अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर इतने लंबे समय तक यह गतिविधि बिना किसी रोक-टोक के कैसे चलती रही और किन लोगों की भूमिका इसमें रही. जांच का एक अहम पहलू यह भी है कि गणना कार्य में कर्मचारियों की तैनाती किसके निर्देश पर की जाती थी. सूत्रों के अनुसार मंदिर व्यवस्था से जुड़े रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव ने पूछताछ में बताया है कि अनुकल्प मिश्रा और उसके कुछ परिचितों की नियुक्ति ट्रस्टी डॉ. अनिल कुमार मिश्र की अनुशंसा पर हुई थी. आरोप है कि गणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और निगरानी की जिम्मेदारी भी उन्हीं के पास थी.हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है और जांच एजेंसियां सभी तथ्यों का सत्यापन कर रही हैं. एसआईटी ने पिछले तीन दिनों में कई संदिग्ध कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों से पूछताछ की है. पीएफसी के बेसमेंट में हुई पूछताछ के दौरान यह सवाल भी उठाया गया कि गणना कर्मियों की बाहर निकलते समय जांच क्यों नहीं होती थी. जांच की आंच रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव तक भी पहुंची है, जिन पर दानराशि की गणना के बाद उसे बैंक में जमा कराने की जिम्मेदारी थी. इसके अलावा रामशंकर यादव, मनीष यादव और राजेश पाठक भी जांच के दायरे में हैं. मनीष यादव को रामशंकर यादव का करीबी रिश्तेदार बताया जा रहा है. पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल अब भी यही है कि आखिर दानपात्रों से कितनी राशि गायब हुई. एसआईटी अभी रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, बैंक जमा विवरण और कर्मचारियों के बयानों का मिलान कर रही है. जांच एजेंसियों का मानना है कि पूरी तस्वीर सामने आने के बाद ही वास्तविक नुकसान का आकलन संभव होगा. फिलहाल राम मंदिर जैसे देश के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र में दानराशि से जुड़ी कथित अनियमितताओं ने न केवल श्रद्धालुओं को चिंतित किया है, बल्कि मंदिर प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. एसआईटी की जांच अब उन कड़ियों को जोड़ने में जुटी है, जिनसे इस पूरे नेटवर्क और कथित गबन की वास्तविक परतें खुल सकें.

# बुंदेलखंड के हर खेत तक पानी पहुंचाना माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्पः- डिप्टी सीएम

### -प्रधानमंत्री के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री के 09 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का हुआ आयोजन

### - उप मुख्य मंत्री, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने विकास प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के साथ 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में जनपद स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मा0 केशव प्रसाद मौर्य जी,ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम, और राष्ट्रीय एकीकरण विभाग, माननीय सांसद झांसी ललितपुर श्री अनुराग शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्री पवन गौतम, माननीय विधायक गरौठा श्री जवाहर लाल राजपूत, विधायक मऊरानीपुर डा0 रश्मि आर्या, विधायक बबीना श्री राजीव सिंह परीछा, मा0 सदस्य विधान परिषद श्रीराम तीर्थ सिंघल,मा0 सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन,मा0 सदस्य विधान परिषद शिक्षक डॉ0 बाबूलाल तिवारी,मा0 भाजपा



जिलाध्यक्ष श्री प्रदीप पटेल,मा0 महानगर अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह अन्य जनप्रतिनिधिगण , मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, किसान एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं विकास प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ हुआ। इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने माननीय सांसद सहित समस्त विधायक एवं सदस्य, विधान परिषद एवं अन्य अतिथियों द्वारा जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया तथा विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की गई। गोष्ठी के मुख्य सत्र को संबोधित करते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति के द्वार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि माननी प्रधान मंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।बुंदेलखंड का विकास उन्होंने कहा कि विगत 12 वर्षों में जो विकास हुआ है 'वह झांकी है पूरी पिक्चर अभी बाकी है '। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड हर घर नल जल की तरह हर खेत में पहुंचेगा पानी यह प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता है, उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाकर कृषि लागत कम करने तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। माननीय उपमुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से समाज के प्रत्येक वर्ग का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान, महिला, युवा एवं गरीब वर्ग विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने तथा कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग का लाभ लेने का आग्रह किया। उन्होंने बुंदेलखंड में दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने के लिए भी किसानों को आगे आने का सुझाव दिया। मा0 अनुराग शर्मा सांसद झांसी झांसी 'ललितपुर ने उपस्थित अन्यदाताओं से कहा कि सभी प्राकृतिक खेती की ओर चले तो निशा निश्चय ही हम स्वस्थ होंगे और धन धान्य से परिपूर्ण भी होंगे, उन्होंने बताया कि हमारा परिवार लगभग 100 वर्षों से प्रकृति खेती से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कृषि क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही है, जिससे उत्पादन लागत कम होने के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। माननीय सांसद श्री अनुराग शर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सबसे ज्यादा बुंदेलखंड को योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित बलनी दीदियों को संबोधित करते हुए कहा की गोमाता की सुरक्षा करें दूध का उत्पादन बढ़ रहा है किसानों को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने गोबर का खेती किसानी में प्रयोग करने का सुझाव दिया ताकि जैविक खेती के माध्यम से अपने उत्पाद को अच्छी दामों में बेचा जा सके। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला में किसान भाइयों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, तकनीकों एवं लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कृषि विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने, गौ-आधारित एवं जैविक संसाधनों के उपयोग, जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, मल्चिंग, फसल विविधीकरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण आधारित खेती की विधियों के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद प्राप्त होते हैं। साथ ही किसानों को आय बढ़ाने एवं टिकाऊ कृषि व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। गोष्ठी के विशेष तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डाक्टर अतीक अहमद द्वारा कृषकों को सब्जियों की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती के संबंध में विस्तृत तकनीकी जानकारी दी गई। उन्होंने खरीफ सीजन में आधुनिक नर्सरी प्रबंधन, जलभराव क्षेत्रों के लिए उपयुक्त प्रजातियों का चयन, वैज्ञानिक बुवाई विधि तथा जैविक कीट एवं रोग प्रबंधन के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ब्लॉक चिरगांव के ग्राम रमपुरा चिरगांव के प्रगतिशील किसान श्री अवधेश प्रताप सिंह लल्ला द्वारा अपनी सफलता की कहानी साझा की गई। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती एवं गौ-आधारित कृषि पद्धतियों को अपनाकर उन्होंने लागत में कमी तथा आय में वृद्धि प्राप्त की है। उन्होंने जीवामृत एवं बीजामृत के प्रयोग से होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों के संबंध में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। उन्हें एवं गुंचीलाल ग्राम रमपुरा चिरगांव को प्राकृतिक खेती करने पर उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित जनसमुदाय ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्राकृतिक खेती के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, उप कृषि निदेशक श्री बुद्धि देव द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

# झांसी : साइकिल से प्रथम बार चारधाम यात्रा पर निकले तीन श्रद्धालु

### -विधायक बबीना राजीव सिंह व आचार्य हरिओम पाठक ने दिखाई हरी झंडी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद के बबीना क्षेत्र से तीन श्रद्धालु साइकिल द्वारा चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुए। विधानसभा एवं थाना बबीना क्षेत्र के मुरारी गांव निवासी राजा दुबे, शिवम भार्गव और वीरू वंशकार ने धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अपनी इस विशेष यात्रा की शुरुआत की। यात्रा को प्रसिद्ध शिवालय सिद्धेश्वर धाम से बबीना विधायक राजीव सिंह व आचार्य हरिओम पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं।

श्रद्धालुओं ने बताया कि वे साइकिल से उत्तराखंड स्थित चारधाम—यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ—की यात्रा करेंगे। इस दौरान वे कुल 4000 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करेंगे। यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक दर्शन करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है।यात्रा पर निकले युवाओं ने कहा कि साइकिल यात्रा से शारीरिक क्षमता बढ़ती है और प्रदूषण भी नहीं होता। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन लगभग 70 से 90 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर रुककर विश्राम करेंगे और स्थानीय लोगों से संवाद भी स्थापित करेंगे।

हरी झंडी दिखाने के दौरान बबीना विधायक ने तीनों युवाओं के साहस और संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में जहां लोग छोटी दूरी के लिए भी वाहनों का उपयोग करते हैं, वहीं इन युवाओं ने साइकिल से चारधाम यात्रा का निर्णय लेकर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह यात्रा युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देगी।



ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने भी तीनों श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और उनकी सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। धार्मिक आस्था, दृढ़ संकल्प और साहस का यह अनूठा प्रयास क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस अवसर पर मुन्नू महाराज व प. जितेंद्र कुमार तिवारी ने तिलक किया और आचार्य मनोज पाठक ,राजीव पाठक ,अंकुश मिश्रा ,ध्रुव ओझा , गोपाल शास्त्री ने स्वस्तिवाचन किया ।

साथ में मनोज भार्गव, मोनू महाराज, सुशील पांडेय ,जगदीश दुबे, राधेश्याम दुबे, ब्रजेश मिश्रा , सूरजभान , रमाशंकर पुरोहित , सुनील भार्गव , सुखदेव भार्गव, आशीष भार्गव, अखिलेश भार्गव , पज्जी वंशकार , महेंद्र वंशकार , कमलेश वंशकार ,रोशन, कमलेश ,रामधुन,दीपक यादव , रोहित यादव प्रधान ,राजा परिहार राजप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। योगेश राजा ने सबका आभार व्यक्त किया , तथा सबको पीतांबरा माई का प्रसाद वितरण किया गया ।

# समायोजन पर शिक्षक संघ की आपत्ति

## विसंगतियां दूर कर हो समायोजन की प्रक्रिया

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दीक्षित के नेतृत्व में जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हाल ही में जारी की गई सरप्लस शिक्षकों की सूची पर संगठन ने आपत्ति दर्ज कराई।जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम दो और उच्च प्राथमिक स्तर पर न्यूनतम तीन अध्यापक आरटीई एक्ट के अनुसार होना चाहिए। विकासखण्ड स्तर पर ही सरप्लस शिक्षकों की वरिष्ठता बनाकर वहीं के बन्द और एकल विद्यालय में किया जाना चाहिए। इसके साथ ही गणित और विज्ञान के अध्यापकों के अलग अलग पद मानते हुए उनकी नियुक्ति प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में होनी चाहिए। इसके साथ ही पूर्व से कार्यरत प्रधानाध्यापकों को न हटाए जाने के शासनादेश का हवाला दिया गया। ब्लॉक बबीना के संविलियन विद्यालयों में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सरप्लस दिखाने, तो कई अन्य जगह सरप्लस न दिखाने पर भी प्रश्नचिह्न लगाया। मर्जर / पेयरिंग विद्यालयों की स्थिति पर भी उन्होंने अधिकारी से वार्ता की। नगर क्षेत्र में प्रधानाध्यापक सरप्लस दर्शाने से उत्पन्न विसंगति पर भी उन्होंने चर्चा की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विसंगतियों का निस्तारण किए जाने की मांग की है। इस दौरान जिला मंत्री मृत्युंजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण राय, कोषाध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, संयुक्त मंत्री शिवकुमार पाराशर, डॉ अनिरुद्ध रावत, मुकेश वर्मा, अकील अहमद,अब्दुल नोमान आदि मौजूद रहे।

# पहले सब मुसलमान हिंदू थे, भगवान राम सबके पुरखे : केशव प्रसाद मौर्य

### -कहा - शिवपाल सिंह पहले अपने भतीजे को संभालें

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को झांसी दौरे के दौरान भगवान राम, अयोध्या और विपक्षी नेताओं को लेकर कई अहम बयान दिए। शताब्दी एक्सप्रेस से झांसी पहुंचे डिप्टी सीएम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भगवान श्रीराम केवल हिंदुओं की आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि उनका संबंध पूरे भारतीय समाज और संस्कृति से है। उन्होंने कहा कि पहले सब मुसलमान हिंदू ही थे और भगवान राम सबके पुरखे हैं।

अयोध्या में भगवान श्रीराम को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 'इसमें कोई गलत बात नहीं है। पहले सब मुसलमान हिंदू ही थे। हिंदुओं के पुरखे भगवान श्रीराम थे। आज हिंदू भगवान राम को भगवान के रूप में मानते हैं और दूसरे लोग उन्हें अपने पुरखों के रूप में मानते हैं।' उन्होंने कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं तथा उनकी विरासत पूरे देश की साझा धरोहर है। उप मुख्यमंत्री



ने कहा कि अयोध्या भगवान श्रीरामलला की जन्मभूमि है और दुनिया भर के करोड़ों रामभक्तों की आस्था इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है, जो देश के लिए गौरव का विषय है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए श्री मौर्य ने कहा कि उन्हें धार्मिक और आस्था से जुड़े विषयों पर अनावश्यक बयानबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। राम मंदिर निर्माण से जुड़े मामलों में वरिष्ठ पदाधिकारी चंपत राय के संबंध में पूछे गए सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि चंपत राय बड़े रामभक्त , अत्यंत आदरणीय और सम्मानित व्यक्ति हैं। उनका पूरा जीवन रामकाज और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। यदि किसी प्रकार के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि हनुमानजी भी प्रभु श्रीराम के भक्त थे। कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले की जांच चल रही है और सभी को एसआईटी की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। वहीं शिवपाल सिंह यादव के शिराथु से चुनाव लड़ने के सवाल के जबाब में सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि शिवपाल यादव एक वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें पहले अपने भतीजे अखिलेश यादव को संभालना चाहिए और केशव प्रसाद मौर्य के चक्कर में पड़ने की आवश्यकता नहीं है। उनके इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# बरुआसागर में उमड़ा प्रबुद्धजनों का सैलाबः उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिया विकास और सुशासन का मंत्र

### -विधायक राजीव सिंह पारीछा ने जताया भरोसा- 'मिशन 2027' में प्रचंड बहुमत के साथ बुंदेलखंड की सभी सीटों पर खिलेगा कमल

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बबीना विधानसभा क्षेत्र के बरुआसागर स्थित नगर पालिका पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में आज ऐतिहासिक प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सम्मिलित हुए। इस दौरान समूचे बुंदेलखंड से आए प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों और समाज के विभिन्न प्रबुद्ध वर्गों के साथ प्रदेश के चहुंमुखी विकास, सुशासन एवं जनकल्याणकारी नीतियों पर अत्यंत सार्थक संवाद हुआ। कार्यक्रम में बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा ने उपमुख्यमंत्री का भव्य स्वागत कर क्षेत्र की जनता की ओर से अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई।

**डबल इंजन सरकार की नीतियों से बदला बुंदेलखंड का भाग्य:केशव प्रसाद मौर्य**

प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा कि बुंदेलखंड का विकास वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर और हर घर जल योजना जैसी जनकल्याणकारी नीतियों ने इस पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग से आह्वान किया कि वे सरकार के सुशासन और विकासपरक नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उपमुख्यमंत्री का यह ओजस्वी मार्गदर्शन उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों में नई ऊर्जा फूंकने वाला रहा।



**2027 में प्रचंड बहुमत के साथ बुंदेलखंड की समस्त सीटों पर दर्ज होगी ऐतिहासिक जीतः राजीव सिंह पारीछा**

संवाद कार्यक्रम के दौरान बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बबीना विधानसभा सहित पूरे बुंदेलखंड की ओर से एक बड़ा और मजबूत भरोसा दिया। विधायक पारीछा ने बुलंद आवाज़ में कहा कि, 'आदरणीय मौर्य जी का बबीना और बुंदेलखंड की धरती पर जो अटूट विश्वास है, मैं बबीना विधानसभा की समस्त देवतुल्य जनता की ओर से उन्हें भरोसा दिलाता हूँ कि आगामी 2027 के चुनाव में भी भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ और भारी मतों के अंतर से बुंदेलखंड की सभी विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी।' उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड का एक-एक नागरिक माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के हाथों को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत के साथ संकल्पित है। इस दौरान खेल, शिक्षा एवं संगीत में उत्कृष्ट योगदान दे रहे युवाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) जमुना प्रसाद कुशवाहा, महापौर बिहारी लाल आर्य, विधायक जवाहर लाल राजपूत, विधान परिषद सदस्य डॉ. बाबू लाल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर मणिकर्णिका वूमेंस क्लब का दीपदान

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि के अवसर पर मणिकर्णिका वूमेंस क्लब की महिलाओं ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा दीपदान कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूरा वातावरण श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा।

कवलब की सदस्यों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अद्वितीय साहस, शौर्य और मातृभूमि के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। उपस्थित महिलाओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज में नारी सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट ओमनी राय सहित पूनम गुप्ता, सुनंदिनी नरवरिया एवं सुरभि नरवरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

# केंद्र सरकार के 12 साल और प्रदेश सरकार के 9 साल पूरे होने पर सिंचाई विभाग ने किया कार्यक्रम

( यंग भारत न्यूज )

तिंदवारी के निरीक्षण भवन में सिंचाई विभाग ने किया जल जन जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद सहित पद्मश्री उमाशंकर पांडेय कार्यक्रम में रहे मौजूद

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद पांडेय की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

एक्सियन अरविंद पांडेय ने नौ साल के कार्यों को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

करोड़ों रुपए की परियोजनाएं जमीन में उतारी

40 साल पुरानी परियोजनाओं का कराया जीर्णोद्धार

गांव गांव और खेत खेत तक पानी पहुंचाने की उपलब्धि की हासिल



मंत्री रामकेश के प्रयासों से बदली तिंदवारी विधान सभा की दशा और दिशा

मंत्री रामकेश ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों से मांगा सहयोग।

# पेट्रोल पंप संगठन के लोगों ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** सदर बाजार में अनूप अग्रवाल के निवास . पर व्यापारी डॉक्टर वकील जनों प्रबुद्ध जनों के सम्मेलन कार्यक्रम में वीरांगना की धरती पर पधारे . उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जोरदार स्वागत किया गया . तथा . झांसी रानी पेट्रोल पंप संगठन की ओर से 11 जून 2026 को एक नया नियम लागू किया गया था जिसमें इंजन एवं जनरेटर के लिए डीजल देने पर रोक लगाई गई थी उसे हटाए जाने के संबंध में व्यापारी नेता पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार गुप्ता की समस्त टीम ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ईंधन की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा तथा सभी ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपते हुए समस्याओ से अवगत कराया . इस अवसर पर समस्त पार्टी के अधिकारी बन्धु . मातृ शक्ति ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धु भारी संख्या में उपस्थित रहे .

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718